दैनिक
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 170 मुरादाबाद 15 October 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी में इस उद्योग को लगाने पर 25% सबसिडी देगी योगी सरकार, 5 लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार



यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार वस्त्रोद्योग लगाने के लिए निवेशकों को 25 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी देगी। सरकार ने इस सेक्टर में पांच साल में 10 हजार करोड़ का निवेश लाने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत पांच लाख लोगों को रोजगार दिलाया जाएगा। कैबिनेट ने शुक्रवार को नई उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022 नीति को मंजूरी दे दी। निजी क्षेत्र के पांच वस्त्रत्त् एवं परिधान पार्क विकसित होंगे। पावरलूम बुनकरों की आय में 50 प्रतिशत की वृद्धि होगी। निवेशकों को 25 प्रतिशत कैपिटल सब्सिडी वस्त्र एवं गारमेंटिंग इकाइयों को प्लाण्ट और मशीनरी खरीदने पर निवेश पर 25 प्रतिशत पूंजीगत उपादान की प्रतिपूर्ति होगी। मध्यांचल इकाइयों को 5 प्रतिशत तथा पूर्वांचल एवं बुन्देलखण्ड में 10 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पूंजीगत उपादान मिलेगा। इसकी अधिकतम सीमा 100 करोड़ रुपये प्रति यूनिट होगी। स्टाम्प शुल्क की 100 प्रतिशत छूट बैंक गारंटी (एफडीआर) पर प्रदान की जायेगी। टेक्सटाइल डिजाइन टेक्सटाइल डिजाइन या फैशन ब्रांडिग/मार्केटिंग में स्नातक उत्तीर्ण छात्र डिजाइन स्टूडियो के लिए 75 प्रतिशत अधिकतम 30 लाख रुपये प्रति उद्यमी अनुदान पा सकेंगे।

## भदोही में दुर्गा पूजा पंडाल हादसे में शुक्रवार को 16 वीं मौत, 70 से अधिक का चल रहा अस्पतालों में इलाज



भदोही- औराई के नरथुआ में दुर्गा पूजा पंडाल में झुलसे लोगों के मौत का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को सर सुंदर लाल अस्पताल वाराणसी में इलाज के दौरान 25 वर्षीय सीमा बिंद की मौत हो गई। हादसे में मरने वालों की संख्या 16 हो गई है। अभी भी 70 से अधिक विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इसमें 16 लोगों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद से ही लगातार लोगों की मौतों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भदोही दुर्गा पूजा पंडाल हादसे में एक और गंभीर रूप से झुलसी युवती सीमा को सर सुंदर लाल अस?पताल बीएचयू वाराणसी में भर्ती कराया गया था। उसकी भी हालत काफी चिंताजनक बनी हुई थी। काफी प्रयासों के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका और हादसे के सप?ताह भर बाद शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया। शारदीय नवरात्र में सप्तमी को नारथुआ गांव में स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में आग लग गई थी। इसमें सैकड़ा से अधिक लोग झुलस गए थे। घटना में अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। बारी गांव में पूर्व प्रधान के घर छह लोगों की जान जाने से एक कुनबा ही खत्म हो गया। शुक्रवार को राजापुर घोसिया निवासी शंकर बिंद की पुत्री सीमा बिंद की सर सुंदर लाल अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में कई लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। झुलसे लोगों को वाराणसी के बीएचयू, ट्रामा सेंटर, कबीरचौरा, प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल और भदोही के सूर्या ट्रामा सेंटर, जीवनदीप अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के पहले दिन चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि गंभीर रूप से झुलसे लोगों में हर दिन एक की जान जा रही है। इस मामले में आयोजक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## हिमाचल में 12 नवंबर को विधान सभा चुनाव, 8 दिसंबर को आएंगे परिणाम




नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग (ईसी) शुक्रवार को गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। चुनाव आयोग इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहा है। गुजरात विधानसभा का कार्यकाल 18 फरवरी, 2023 को समाप्त होगा जबकि हिमाचल सदन का कार्यकाल 8 जनवरी, 2023 को समाप्त होगा। 182 सीटों वाली गुजरात विधानसभा में फिलहाल 111 बीजेपी और 62 कांग्रेस विधायक हैं। पिछले महीने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे ने चुनावी तैयारियों की समीक्षा के लिए गुजरात और हिमाचल का दौरा किया था। 14वीं गुजरात विधानसभा चुनाव 9 दिसंबर और 14 दिसंबर 2017 को विधान सभा के सदस्यों (एमएलए) का चुनाव करने के लिए आयोजित किया गया था। हिमाचल में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो गया है।

12 नवंबर को चुनाव होगा और 8 दिसंबर को नतीजे आएंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि सभी मतदान केंद्र ग्राउंड फ्लोर पर ही बनाए जाएंगे। सभी लोगों को उनके घर से दो किलोमीटर के अंदर ही पोलिंग स्टेशन देने की कोशिश की गई है। चुनाव आयोग ने कहा कि 80 साल के ऊपर के मतदाता घर से ही वोटिंग कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि नामांकन तक जुड़ सकेंगे नए मतदाता। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाना मेरा लक्ष्य है। कोरोना प्रोटोकॉल को देखते हुए चुनाव की सारी तैयारियां पूरी की गई हैं। चुनाव आयोग की प्रेस कान्फ्रेंस शुरू हो गई है। आयोग के अनुसार इस बार पोलिंग स्टेशनों में से कुछ में 100 फीसद महिला कर्मी होंगी। इस कदम से आयोग महिला सशक्तिकरण का संदेश देना चाहती है। गुजरात विधानसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले भाजपा ने भूपेंद्र पटेल को राज्य का मुख्यमंत्री बनाया था। विजय रूपाणी के अचानक इस्तीफे के बाद गुजरात में सियासी सरगर्मी बढ़ गई थी। हालांकि भाजापा आलाकमान ने रूपाणी मंत्रीमंडल के सभी मंत्रियों को पटेल मंत्रीमंडल में भी शामिल किया था। 2017 में हिमाचल में एक और गुजरात में दो चरण में चुनाव हुए थे। अभी दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार है और कांग्रेस विपक्ष में है।हिमाचल प्रदेश में ऐसी चर्चा है कि भाजपा 25 से अधिक विधान सभा सीटों पर नए उम्मीदवारों को टिकट दे सकती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के लिए हिमाचल प्रदेश के चुनाव कितने महत्वपूर्ण हैं, इसका अनुमान यहां से भी होता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिलासपुर में कार्यक्रम के तुरंत बाद दिल्ली जाकर नड्डा फिर से हिमाचल लौट आए। प्रयोजन था, पंच परमेश्वर सम्म्ल्रमेलन। पार्टी के लोग बताते हैं कि यह कार्यक्रम पूर्व नियोजित नहीं था।

# ट्रेन में परिजनों से बिछड़ी हुई वृद्ध महिला को किया उनके परिजनों के सुपुर्द

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- डायल 112 स्टाफ को मिली थी वृद्ध महिला, सोशल मीडिया के माध्यम से की गई, परिजनों की पता तलाश नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण के द्वारा जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर जिला में महिला एवं बच्चों के विरुद्ध घटित अपराध पर , बुजुर्गों असहाय के मामलों में सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तारतम्य में दिनांक 12/10/2022 को थाना क्षेत्र के 112 पेट्रोलिंग वाहन को बस स्टैंड के पास घूमते हुए एक बुजुर्ग महिला मिली जो ना तो अपना नाम बता पा रही थी ना ही अपना कुछ पता बता पा रही थी कान से उसको कम सुनाई दे रहा था जिस पर डायल 112 वाहन के द्वारा तत्काल सूचना निरीक्षक युवराज तिवारी थाना प्रभारी गौरेला को दिया गया थाना प्रभारी गौरेला द्वारा उक्त वृद्ध महिला को थाना गौरेला लेकर आने आदेश देने पर उक्त वृद्ध महिला थाना पहुंचे जिससे प्रारंभिक बातचीत पर किसी प्रकार की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई तब वृद्ध महिला को समुचित स्वास्थ्य सुविधा एवं भोजन कपड़ा की व्यवस्था कराया गया और उक्त महिला का फोटो व्हाट्सएप के माध्यम से विभिन्न मीडिया ग्रुप में प्रसारित कराया गया एवं मीडिया कर्मियों से पतासाजी की अपील की गई तथा महिला को वृद्ध आश्रम में आश्रय दिलाया गया था। इस बीच मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त महिला के गुम होने की सूचना एक अन्य ग्रुप में चल रहा है तब महिला के परिजनों का मोबाइल नंबर की जानकारी प्राप्त कर उस वृद्ध महिला के परिजनो की सूचना दिया गया जिसके बाद वृद्धा के परिजन थाना गौरेला आए और बताएं कि कानपुर से लौटते वक्त रात्रि में वृद्ध महिला ट्रेन से उतर गई थी जिसकी लगातार पतासाजी उनके परिजनों के द्वारा की जा रही थी। वृद्धा को सकुशल परिजनो को सौंपा गया। पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही द्वारा अपील किया गया कि नगरवासियों को अगर कोई असहाय/बुजुर्ग/भूखे महिला बच्चे अनजान रूप में मिलते हैं तो उसके संबंध में तत्काल अपने नजदीकी थाना को सूचित करें जिससे उनको समुचित स्थान पर पहुंचाया जा सके

# कलेक्टर के निर्देश पर दिव्यांग बालिका डॉली को तुरंत मिला व्हीलचेयर



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- आमजनों से भेंट मुलाकात के दौरान कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर मरवाही जनपद के ग्राम धोबहर की सौ प्रतिशत सेरेब्रल पॉलसी से पीड़ित 12 वर्षीय दिव्यांग बालिका कुमारी डॉली गुप्ता को तुरंत व्हीलचेयर प्रदाय किया गया। कुमारी डॉली ने शासकीय सहायता के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया। उनके आवेदन पर गौर करते हुए कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग की दिव्यांगजन सहायक उपकरण योजना के तहत तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के साथ ही यूनिक आई डी कार्ड बनाने और दिव्यांग पेंशन प्रकरण तैयार करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को दिए। डॉली को त्वरित व्हीलचेयर मिलने पर उनके माता-पिता ने जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

# धनीपुर में खटीक कान् होली गेट चौराहा के पास की रास्ता को अति शीघ्र बनवाया जाए -राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने वार्ड नंबर 36 धनीपुर मोहल्ला खटीक समाज क्षेत्र का दौरा किया सड़क कई वर्षों से सड़क निर्माण ना होने के कारण यहां की जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इस समस्या के लिए नगर निगम के अधिकारी पूर्ण रूप से जिम्मेदार हैं

इस रास्ते को बनवाने के लिए अधिकारियों को पूरी तरह से अवगत करा दिया गया है यहां की जनता ने लिखित में कार्रवाई के लिए दिया है लेकिन नगर निगम के अधिकारी इस समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया यही इन अधिकारियों की लापरवाही का प्रमाण है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने नगर आयुक्त एवं नगर निगम के अधिकारियों से कहां है कि अति शीघ्र नगर निगम के फंड से रास्ते का निर्माण कार्य अति शीघ्र कराएं जनता की अनदेखी जनता की समस्याओं की अनदेखी जनता की इस रास्ते की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी नगर निगम के अधिकारी पूरी तरह से समझ ले उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है जनता की समस्याओं की अनदेखी रास्ते की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी इस रास्ते पर निर्माण कार्य अतिशीघ्र सुचारू किया जाए

# मित्रता की मिसाल बने विजय गौतम, दोस्त के निधन के बाद कई वर्ष से निभा रहे भाई का फर्ज।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुजेहना, गोंडा- आज की मतलबी दुनिया में ऐसे मित्र अमूमन कम ही मिलते हैं जो मृत्यु के बाद भी मित्रता के बन्धनों में बंधे रह कर मित्र की कमियां पूरी करते हैं। आज हम आपको इस खबर के माध्यम से ऐसे ही एक सख्श की मित्रता के बारे में बताने जा रहे हैं जो वर्तमान समय में मित्रता के वास्तविकता को परिलक्षित कर रहे है। इटियाथोक ब्लॉक के ग्राम पंचायत विशुनपुर माफ़ी के रहने वाले विजय कुमार गौतम व संझवल गाँव के रहने वाले बजरँगी दोनों परदेश ( पंजाब ) में जीविका चलाने के लिए कमाने गए हुए थे, एक ही क्षेत्र से होने की वजह से दोनों में मित्रता हो गयी। कई सालों तक दोनों परदेश में अच्छे मित्र बन कर एक दूसरे के सुख दुःख में साथ निभाते रहे। आज के करीब पांच वर्ष पूर्व गम्भीर बिमारी के चलते बजरँगी का निधन हो गया, बजरंगी के निधन के बाद उसके परिवार का एक सहारा छीन गया माँ, बाप के बुढ़ापे की लाठी हर त्यौहार पर बहन के घर मायके की सौगात लाने वाले भाई के जाने के बाद विजय उसकी कमी को पूरा करते आ रहे हैं। बजरंगी के घर हर मुश्किल में बूढ़े माँ बाप को सहारा देने के साथ हर साल बहन गीता के घर रक्षा बन्धन बंधवाने आते हैं इस बार भी करवाचौथ से एक दिन पूर्व वे अपने स्वर्गवासी मित्र बजरँगी की बहन गीता के घर करवा ले कर पहुंच तो बहन की आँखे भाई को देख भर आईं मित्रता के बन्धन को निभाने का उनका ये प्रेम देख परिवार के बाकी लोगों के हृदय में विजय अपनों से बढ़ कर स्नेह पा रहा है। आज लोग उसकी दोस्ती की मिशाल दे कर कहते हैं हर इंसान के जीवन में एक ऐसा मित्र ज़रूर होना चाहिए जिसे मृत्यु की अलग न कर पाये। विजय अपनी मित्रता निभा कर इस बन्धन को और पवित्र बना रहे हैं जिसकी सब प्रशंसा कर रहे है।

## एसओ राजीव ने कहा पुलिस हर संभव करेगी आपकी मदद,कानून व्यवस्था बनाये रखने में करे सहयोग

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



वाराणसी- एसओ राजीव सिंह के प्रयास को लोगो का मिल रहा है सराहना कमिश्नरेट वाराणसी में तैनात मंडुआडीह थाना प्रभारी राजीव सिंह ने जनता से कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील किया है एसओ राजीव सिंह ने कहा कि पुलिस आपके सहायता के लिए प्रतिबद्ध है,आप कानून व्यवस्था बनाये रखने में हमारा सहयोग करे ज्ञात हो कि थानाध्यक्ष राजीव सिंह के लगातार उत्कृष्ट कार्य से स्थानीय लोग काफी प्रभावित है। इस दौरान राजीव सिंह ने थाना क्षेत्र के समस्त जनता को आश्वस्त किया कि आपके हर समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने की हम पूरी कोशिश करते है,किसी भी विशेष परिस्थितियों में आप 112 या मुझे सूचित करें ज्ञात हो कि थानाध्यक्ष के फुट पेट्रोलिंग,व औचक वाहन चेकिंग से थाना क्षेत्र काफी शांत चल रहा है जिसकी सराहना खुद स्थानीय जनता भी कर रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मीटर टैंपर्ड कर ई-रिक्शा चार्जिंग करने वाले को बिजली टीम ने धरा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- बिजली चोरों के खिलाफ चल रही मार्निंग रेड व छापेमारी में बिजलीअफसरों व विजिलेंस की टीम ने गुरुवार को19चोरियां पकड़ी। जीआईसी बिजलीघर के अफसरों ने मार्निंग रेड में एक घर में मीटर टैंपर्ड कर ई-रिक्शा चार्ज करते पकड़ा। वहीं दूसरी ओर एमडी आफिस से मिली शिकायत पर भूड़े के चौराहे पर टीम ने बिजली चोरी पकड़ी। सभी के खिलाफ संबंधित थानों में तहरीर दी गई है।

बिजली विभाग की टीम ने गुरुवार को डिवीजन तीन के कई इलाकों में चेकिंग कराई जिसमें जीआईसी एसडीओ संतोष त्रिपाठी और उनकी



टीम ने जीआईसी व कटघर क्षेत्र में मार्निंग रेड की,यहां टीम ने एक घर में मीटर टैंपर्ड करके ई-रिक्शा चार्ज कराया जा रहा था,जिसको टीम ने पकड़ा।

टीम ने सात चोरियां पकड़ी। वहीं भूड़े चौराहे पर बिजली चोरी की शिकायत एमडी आफिस पहुंची,जिस पर डिवीजन तीन के एक्सईएन प्रेम प्रकाश,एसडीओ राजकुमार मिश्रा और विजिलेंस टीम ने चेकिंग की,जिसमें टीम ने अलग-अलग स्थानों पर बारह चोरियां पकड़ी। सभी मामलों की तहरीर दर्ज करा दी गई है।

# सुरजन नगर में बाल्मीकि जयंती पर निकाली गई झांकियों की शोभायात्रा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- सुरजननगर में वाल्मीकि जयंती का त्योहार शुक्रवार को सभी ने मिलजुल कर हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर झांकिया बनाकर शोभायात्रा निकाली गई। शुभारंभ वाल्मीकि मंदिर से सुरजन नगर ग्राम प्रधान वीर सिंह के पुत्र योगेंद्र सिंह उर्फ भुल्लन ने फीता काटकर किया। यह शोभायात्रा झंडा चौक से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए ताज मार्केट पार करके बस स्टैंड



पर पहुंची। इसके उपरांत पुलिस चौकी से होते हुए तथा मोहल्ला जोशीयान से निकलकर नियत स्थान पर जाकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में कलाकारों ने महाकाली, सरदार भगत सिंह आदि झांकियों की प्रस्तुति की। इस अवसर पर गौरव विश्नोई, दीपक कुमार, देवानंद, सुंदर सिंह, अरुण कुमार, मो. यासीन, आशा देवी, राजो देवी, मधुराली आदि रहीं।

## प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री जी 15 अक्टूबर को मुरादाबाद में

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी अपने एक दिवसीय जनपद मुरादाबाद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 अक्टूबर को मुरादाबाद पधार रहे हैं। उक्त जानकारी नगर मजिस्टेªट/प्रभारी अधिकारी वी0आई0पी0 ज्योति सिंह ने देते हुए बताया है कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार मा0 मुख्यमंत्री जी 15 अक्टूबर 2022 शनिवार को कार्यक्रम स्थल बुद्धिविहार फेज-2 (निकट सर्किट हाउस) मुरादाबाद में आयोजित आर्यवीर महासम्मेलन कार्यक्रम में अपराह्न 2:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक सम्मिलित करेंगे। मा0 मुख्यमंत्री जी अपराह्न 3:05 बजे हैलीपैड सर्किट हाउस मुरादाबाद से अलीगढ़ हेतु प्रस्थान कर जाएंगे।

# कलाम-ए-पाक घर में रखने से नहीं, तिलावत करने से होती है बरकत



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- ग्राम पंचायत सुरजन नगर के मोहल्ला नई बस्ती स्थित मदीना मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज सैकड़ों लोगों ने सामूहिक रूप से अदा की। यहां पर नमाज से पहले शहर इमाम मुफ्ती मुहिउद्दीन कासमी ने सभी नमाजियों से कहा कि कलाम-ए-पाक को अगर हम बंद करके घर में रख देते हैं,

तब उसके ले आने का हमें कोई भी फायदा नहीं मिलता। कोई भी मुस्लिम कलाम-ए-पाक को घर में बंद करके न रखे बल्कि रोजाना उसकी तिलावत करनी चाहिए। साथ ही शहर इमाम ने फरमाया कि कलाम-ए-पाक की तिलावत के साथ-साथ हर मुस्लिम को पांचों वक्त की नमाज भी पाबंदी एवं नबी की बताई हुई सुन्नत के मुताबिक अदा करनी चाहिए। अगर कारोबार में बरकत चाहते हैं तो उसको भी देनदारी के दायरे में रखकर ईमानदारी से करना चाहिए। इसके उपरांत नमाज अदा की गई और अंत में सभी को बीमारियों से बचाने के लिए दुआ मांगी गई।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 19 अक्टूबर को वृहद रोजगार मेला

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- सहायक निदेशक सेवायोजन कमल किशोर ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कांठ रोड मुरादाबाद के परिसर में दिनांक 19.10.2022 को प्रातः 10.00 बजे से कौशल विकास मिशन, मुरादाबाद, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मुरादाबाद एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मुरादाबाद, के संयुक्त तत्वावधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में लगभग 30 प्रतिष्ठित कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है, जिसमें तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदो पर भर्ती के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियों को आमंत्रित किया गया है। किसी भी ट्रेड में आई0टी0आई0 उत्तीर्ण/कौशल विकास प्रमाण पत्र/हाईस्कूल/इण्टर/स्नातक आदि योग्यताधारक अभ्यर्थी अपना सम्पूर्ण बायो डाटा दो प्रतियों में (हस्तलिखित अथवा टंकित), शैक्षिक प्रमाण पत्र( छाया प्रति दो सेट में ) एवं दो रंगीन फोटो सहित अभ्यर्थी शासन/प्रशासन द्वारा जारी कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुए रोजगार मेले में बने पंजीयन काउण्टरों पर उपस्थिति दर्ज कराते हुए रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। सहायक निदेशक सेवायोजन ने बताया कि उपरोक्त मेले में सम्मिलित होने के लिये सेवायोजन विभाग की वेबसाइट sewayojan.up.nic.in पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिन बेरोजगार अभ्यार्थियों ने अपनी योग्यतानुसार ऑनलाइन पंजीकरण करा लिया है, वह अपनी जॉब सीकर आॅई0डी0 एवं पासवर्ड का प्रयोग करके अपने जनपद में आयोजित होने वाले रोजगार मेलो में भाग लेने हेतु सेवायोजन पोर्टल पर अपनी धारित योग्यता के अनुरूप पदों के लिए,

जो विभिन्न कम्पनियों ने अपलोड किया हुआ है, ऑनलाइन कम्पनी में आवेदन कर सम्मिलित हो सकते है। जिन्होंने पंजीकरण नहीं कराया है वह पंजीकरण कराकर मेले में भाग ले सकते हैं।

# पशुधन एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री धर्मपाल सिंह का मुरादाबाद भ्रमण कार्यक्रम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद- प्रदेश शासन के मा0 मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा विभाग श्री धर्मपाल सिंह जी अपने एक दिवसीय मुरादाबाद जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत 15 अक्टूबर को मुरादाबाद पधार रहे है। निर्धारित कार्यक्रमानुसार पशुधन एवं मुस्लिम वक्फ मंत्री 15 अक्टूबर को पूर्वान्ह 9:45 बजे आंवला बरेली से मुरादाबाद सर्किट हाउस पहुंचकर अपराह्न 1:00 बजे से अपराह्न 3:10 बजे तक मा0 मुख्यमंत्री जी के साथ कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री 15 अक्टूबर को ही मुरादाबाद में सायं 5 बजे सर्किट हाउस मुरादाबाद में बाढ़ से संबंधित समीक्षा बैठक लेंगे, जिसमें जिलाधिकारी, सीडीओ, एसएसपी, सहित सिंचाई, स्वास्थ्य, खाद्य, पशुपालन एवं अल्पसंख्यक कल्याण आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। पशुधन मंत्री सायं 7 बजे मुरादाबाद से रामपुर हेतु प्रस्थान कर जाएंगे।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Twist on hijab

Controversy over whether or not to wear the hijab in schools is not a good thing. There was a lot of hope from the Supreme Court on Thursday that a decisive decision would come, but both the justices did not agree. Both had different opinions on Hijab, so now this matter will be referred to a larger bench, so that a clear decision can be taken. So much has been decided that the opinion of the country on the hijab is not only different, the justices are also not unanimous. Law and life have their own interpretations, on the basis of which some consider the hijab to be correct, while some are against its use in schools.

Keep in mind, the Karnataka High Court had refused to lift the ban on the hijab from educational institutions in the state. This order of the High Court itself has been challenged in the top court of the country. The lack of consensus of two justices even after a full hearing is not a strange thing for a country like India. This is a milestone in the world of justice that will be remembered. Yes, it can be said that it would have been better if the views of the two judges had converged, a decision under the Constitution. The scope for confusion and debate has increased.

The people of the country have discussed a lot on this subject, now the discussion will continue in future also and time and resources will also be spent in it.

We are constantly seeing in today's era that very minor topics are being discussed in the country and such topics are preferred which are used to increase hatred. The Chief Justice will probably have to intervene in the Supreme Court, who will decide on the constitution of the larger bench. The hearing will start again. The order of the Karnataka High Court will remain valid as there is no stay by the Supreme Court. People in favor of hijab will feel happy, because in a way, Justice Dhulia has been saying in his favor that wearing hijab is safe under the right of a person's freedom.

However, with the continuing ban on wearing the hijab in educational institutions, many girls will continue to suffer. Significantly, on March 15, some girl students of Udupi, Karnataka had petitioned the Karnataka High Court for permission to wear hijab in class. There is a large group, which wants a verdict in favor of hijab and politics is also being done on this subject. There is no doubt that the hijab is a complicated subject.

Everyone has their own opinion on this. There are also a large number of women among Muslims who are anti-hijab. Iran is an Islamic country, but there is a movement against the hijab. On the other hand, Switzerland is preparing for a burqa ban, a woman wearing a burqa will have to pay a fine of $1005 (over Rs 80,000).

There is also a question that how different is burqa and hijab? Every educational institution has its own rules, according to which students are banned to wear clothes. If we are allowed to wear anything under school dress, that is another matter, but should schoolgoers be given the right to wear whatever they like? Whatever decision is taken in the coming days, it will definitely have an impact on the dress of all the schools. Everyone is waiting for the verdict.

# The open secret of Amitabh Bachchan's KBC, Ajay Devgan said to Siddharth Malhotra - got the idea from Yamlok

Actors Ajay Devgn, Sidharth Malhotra and Rakul Preet Singh starrer film Thank God is in a lot of discussion these days. While the fans are excited for the film, on the other hand there is a lot of controversy about the film.



Meanwhile, the makers of Thank God recently released its special trailer on social media, which they have named as Diwali Trailer. Ajay Devgan, who became Chitragupta in a scene of the trailer, says that Amitabh Bachchan got the idea of ??the quiz show Kaun Banega Crorepati - KBC from Yamlok. Sidharth hanging between life and death - In the special trailer of Raasal Thank God, it is seen that Sidharth Malhotra's character is hanging between life and death and looks quite confused. At the same time, when he reaches Yamlok, Ajay Devgan, who became Chitragupta, talks to him in Sanskrit. At the same time, when Siddharth does not understand this, then Ajay Devgan's look changes completely and then the fun joke starts in the trailer. Devgan asks Siddharth to play the game, to which Siddharth says that the game show here too. After this, in a scene of the trailer, Ajay tells Siddharth that Amitabh Bachchan, a famous superstar of the earth, stole the idea of ??his show Kaun Banega Crorepati from Yamalok itself. Ajay says that he came to Yamlok, won the show and then started his show down below earth. Social media users are calling this trailer funny. Controversy on the film - Let us tell you that Rakul Preet Singh will be seen in the lead role along with Ajay Devgan and Siddharth Malhotra in the film. Nora Fatehi has also appeared in a song of the film. The songs of Siddharth and Nora have been well-liked by the audience. The film will release in theaters on October 25. There is also a lot of controversy about the film and it is being said that religious sentiments are being hurt by it.

# Director on 'Taarak Mehta' fame Disha Vakani on cancer rumours- 'As Jethalal says

Fans of 'Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah' fame Disha Vakani got upset when several media reports claimed that she was diagnosed with throat cancer. Disha Vakani has not returned to the show since Maternity Leave in 2017. Many times there were reports about his return but Disha did not come again. Now when rumors about the actress's health arose, 'Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah' director Malav Rajda wrote a post on social media and expressed his displeasure over such reports. Malav expressed his displeasure – Disha's brother and actor Mayur Vakani had already termed these reports as baseless. On Thursday, Malav reacted to the news of Disha's throat cancer and expressed displeasure over the wrong reporting. Malav shared the heading of a news article, which claims



that Dayaben has been diagnosed with throat cancer because of the kind of voice he used to make on the show. Told such news wrong- Malav gave it in the caption, 'As Jethalal says... Nonsense... News reporting is a responsible job. It really surprised me how so irresponsible. Man this is such a big news, at least cross check it. This can affect a lot of people, why why this kind of news gets printed unless you are sure. This is totally wrong news for their fans... This is totally wrong news.' Comments of fans - On the post, a fan said, 'Reporting nowadays is really disappointing.' One said, 'How does this rumor spread.' Very All the users said that thanks to them for telling this.

# झूठे लालच में कर दी ,15 वर्षीय किशोर की गला घोट कर हत्या। तीन गिरफ्तार , डॉग स्क्वायड की विशेष भूमिका

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज-झूठे लालच में कर दी ,15 वर्षीय किशोर की गला घोट कर हत्या। तीन गिरफ्तार , डॉग स्क्वायड की विशेष भूमिका, पुलिस टीम को 25 ,000 का इनाम। दिनांक 10 अक्टूबर को थाना गंजडुंडवारा में ग्राम नूरपुर निवासी सुखराम सिंह ने सूचना दी कि उसका 15 वर्षीय पुत्र दुर्वेश जो ट्रेक्टर और आटा चक्की से गांव गांव आटा पीसने गया था वापस घर नहीं पहुंचा ।जिस पर पुलिस ने लिखित तहरीर के आधार पर ,11 अक्टूबर को मु.अ.सं.246/22 धारा 363 भा.द.वि.के आधार पर अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। तथा ग्रामीण जनों के सहयोग से ग्राम ढकर ई से धुवयाई जाने वाले मार्ग से बाजरे के खेत से दुर्वेश का शव बरामद कर लिया। और पुलिस अधीक्षक बी बी जीटी एस मूर्ति द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर अतिशीघ्र खुलासे के लिए डॉग स्क्वायड सहित, स्थानीय पुलिस और सर्विलांस टीम के साथ तीन टीमों का गठन किया गया। तथा 363 धारा का लोप करते हुए 392/364ए/



302/201/411 की वृद्धि की गई। सभी टीमों के सामंजस्य से पुलिस ने महज 48 घंटे में घटना का खुलासा करते हुए

1.आकाश चौहान पुत्र सतेन्द्र सिंह नि. ग्राम ढकर ई,2. धीरेन्द्र पुत्र रविन्द्र निवासी ग्राम ढकर ई, तथा राहुल चौहान पुत्र राजेन्द्र, नि.ग्राम नौरी थाना सिढपुरा हाल निवासी ढकर ई सभी थाना गंजडुंडवारा सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया जिन्होंने पुलिस को बताया कि उन्होंने ट्रेक्टर और आटा चक्की को बेचने के इरादे से लूट की ओर और दुर्वेश की गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस ने इनके पास से दुर्वेश का ओपो मोबाइल तथा गेहूं बेचने के 1350रु भी बरामद किए , ट्रैक्टर और आटा चक्की की बरामदगी में डाग स्क्वायड एवं डॉग जोनी की विशेष भूमिका रही जिसने शव को सूंघ कर और दुर्वेश के गले में पड़ी रस्सी के आधार पर हत्यारों तक पुलिस की पहुंच बनाई , पुलिस अधीक्षक बी बी जीटी एस मूर्ति ने डाग स्क्वायड को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा जौनी को विशेष उपलब्धि के लिए सैल्यूट किया तथा स्थानीय पुलिस पार्टी थाना प्रभारी गंजडुंडवारा हरिभान सिंह , उ.नि. संजीव कुमार का.अनुराग , का.राम प्रताप डांग हैन्डलर शामिल रहे जिन्हें पुलिस अधीक्षक ने 25,000 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया

# यूपी के इस थाने में 21 साल में दर्ज हुई सिर्फ दो एफआईआर, हवालात में आज तक बंद न हुआ कोई

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यूपी के एटा में एक थाना ऐसा भी है जहां पिछले 21 साल में सिर्फ दो एफआईआर दर्ज हुई।इनमें से भी एक मामले की जांच शिफ्ट हो गई। थाने की हवालात में आज तक कोई बंद नहीं हुआ। थाने पर थाना प्रभारी के अलावा कां?टेबल और हेड कांस्टेबल मिलाकर 23 पुलिसकर्मी तैनात हैं लेकिन थाने की जीडी में भी सिर्फ आमद और रवानगी ही दर्ज की जाती है। अब आप सोच रहे होंगे कि क्या ऐसा सच में सकता है? क्या वाकई ऐसा कोई थाना है? जी हां, यह बिल्कुल सही है, एटा का जीआरपी थाना ऐसा ही है। यह थाना 21 साल पहले एक अगस्त 2001 को स?थापित हुआ था। तब इसका उद्घाटन आईपीएस अखिल कुमार ने किया था। पहले यह केवल रिपोर्टिंग चौकी थी। बाद में थाना बन गया लेकिन थाने के पास अपना भवन भी नहीं है। रेलवे क्वार्टर में ही इसे चलाया जाता है। उसे भी अब आवास में तब्दील कर दिया गया है। एक कमरे में आमद-रवानगी का काम होता है। हवालात अब रिकॉर्ड रूम है। थाना बनने के बाद से यहां सिर्फ दो ही मुकदमे दर्ज हुए हैं। थाने पर तैनात पुलिसकर्मियों में से दो कांस्टेबल टूंडला से एटा तक आने वाली ट्रेन की सुरक्षा में तैनात हैं। थाना में बने हवालात में आज तक कोई बंद नहीं हुआ। थाने की जीडी में भी सिर्फ आमद और रवानगी ही दर्ज की जाती है।

## ये मुकदमे हैं दर्ज

थाना जीआरपी पर 22 अप्रैल 2016 में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। शहर के व्यापारी संजीव कुमार जैन की ट्रेन में हत्याकर शव पटरी के किनारे फेंक दिया गया। संजीव के परिजनों के मुताबिक इस मुकदमे में एफआर लग गई। इस घटना का खुलासा नहीं हो सका। वहीं 19 जून 2019 को दूसरा मुकदमा रेलवे फाटक कुसवा पर तैनात गेटमैन की ओर से मारपीट का दर्ज कराया गया था। इसमें कुसवा निवासी सुखवीर, अनिल, वीरेश, शीलेद्र, रामजीत, कन्हैई, मुन्नालाल को मारपीट करने में नामजद किया गया था।

## स्टेशन पर आती हैं दो ही ट्रेनें

रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ट्रेन सुबह 7 बजे आती है और 7.30 बजे आगरा चली जाती है। जबकि दूसरी ट्रेन रात 8 बजे आती है और 8.30 बजे टूंडला चली जाती है। इस ट्रेन के आते-जाते समय जीआरपी के कांस्टेबल साथ में रहते हैं। हां, यहाँ महीने में करीब 16 से 18 मालगाड़ियां आती हैं। इनकी सुरक्षा पर ज्यादा ध्यान देना पड़ता है। इनसे आए सामान की विशेष सुरक्षा की जाती है। इसके अलावा अधिकांश कर्मचारियों की ड्यूटी समय-समय पर जरूरत देखते हुए जनपद से बाहर लगा दी जाती है। थाना प्रभारी चमन गुप्ता दो ही मुकदमे दर्ज होने की बात स्वीकार करते हुए कहते हैं- 'हां, यहां अब तक दो ही मुकदमे हुए हैं। हम रूटीन ड्यूटी में मुस्तैद रहते हैं। इसके अलावा जब जरूरत होती है, हमारे जवान दूसरे जिलों में भी सेवाएं देते हैं।

# आईटीआई करने वालों को एक और मौका, 15 तक प्रवेश

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ( आईटीआई ) जलेसर में प्रवेश के लिए एक और मौका दिया गया है। आईटीआई एटा के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति श्रेणी के 150 रुपये, ओबीसी व सामान्य श्रेणी के 250 रुपये में पंजीकरण कराकर शेष सीटों पर आवेदन मांगे गए हैं। जिन अभ्यर्थियों का पूर्व में पंजीकरण है और अभ्यर्थी ट्रेड ( व्यवसाय ) प्राप्त नहीं कर पाए हैं, उनके लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर एक और मौका दिया जा रहा है। अभ्यर्थी 15 अक्तूबर की शाम पांच बजे तक प्रवेश ले सकते हैं। बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के लिए जलेसर के साथ-साथ राजकीय आईटीआई कासगंज रोड पर भी अतिरिक्त पटल खुला हुआ है। बालिकाओं के लिए ड्रेस मेकिंग योग्यता आठवीं पास, बेसिक कॉस्मेटोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी 10वीं, पेंटर बालक, बालिका व अन्य के प्रवेश के लिए योग्यता आठवीं पास अर्हता रखी गई हैं।

# बच्चों का वजन मापने में प्रदेश में पहले स्थान पर एटा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की ओर से जिले में सभी बच्चों का वजन व लंबाई का मापन किया जा रहा है। इसकी डाटा फीडिंग पोषण ट्रैकर एप पर की जाती है। इस मामले में एटा पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की ओर से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका की मदद से बच्चों का वजन व लंबाई का मापन किया जा रहा है। साथ ही इसे पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड किया जा रहा है। जिले में 189974 बच्चों का वजन मापन किया जाना है, जिसमें अभी तक 157029 बच्चों के वजन व लंबाई का मापन किया जा चुका है। इस मामले में जिला प्रदेश में पहले स्थान पर चल रहा है। वहीं दूसरे स्थान पर देवरिया और तीसरे स्थान पर सहारनपुर जिला चल रहा है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों के वजन व लंबाई मापन के बाद इन बच्चों में कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन किया जाएगा।

# 19 महिला बंदियों ने रखा है करवाचौथ का निर्जला ब्रत



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा के जिला कारागार में पहली बार करवाचौथ पर महिला बंदियों के लिए जेल अधीक्षक अमित चौधरी ने किए बिशेष बंदोबस्त,जेल अधीक्षक ने करवाचौथ पर पूजा में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री के किए इंतजाम, जेल में बंद 53 महिलाओ बंदियों में से 19 महिला बंदियों ने रखा है करवाचौथ का निर्जला ब्रत, करवा चौथ रख रही महिलाओं के लिए जेल प्रशासन ने उपलब्ध कराई गई है मेहंदी, मिठाई,

चूड़ी और श्रृंगार का सामान, इन 11 महिलाओं बंदियों के पति भी बंद है जेल में, आज शाम को 11 महिला बंदी चाँद देखकर अपने पतिओं का करेंगी दीदार एटा जिला जेल का मामला।

# सूरजपुर पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, मामा की हत्या करने वाले भांजा को किया गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दिनांक 03.10.22 को ग्राम सलका निवासी कृष्णा सिंह ने थाना सूरजपुर में सूचना दिया कि इसका पिता मृतक फुलसाय सिंह दिनांक 03.10.22 के सुबह घर से बहन मुन्नी बाई के यहां ग्राम गेतरा जा रहा कहकर निकला था दोपहर में इसकी बुआ घर आकर बताई कि फुलसाय सुबह घर आया था, घर में जलाने के लिए लकड़ी मांगा और घर के सामने बाड़ी में सो गया उठ नहीं रहा है फौत हो गया है, उसकी मृत्यु कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं है। सूचना पर थाना सूरजपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर मौके पर पहुंची और शव पंचनामा के बाद पीएम के लिए भेजा। जांच के दौरान मृतक का पीएम रिपोर्ट प्राप्त हुआ जिसमें डॉक्टर के द्वारा मृतक की मृत्यु का कारण हत्यात्मक लेख किए जाने पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 448/22



धारा 302 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि फुलसाय इसका मामा है, दिनांक 3 अक्टूबर को सुबह मामा घर आया था, बाड़ी में बेतरी तोड़ने के दौरान शराब दिलाने की बात को लेकर विवाद करने लगा तब इसने मामा को तेज धक्का मारा जो पीठ के बल गिर गया, मामा के द्वारा गाली-गलौज करने से गुस्से में आकर पेट व कमर में लात से मारा जिससे मामा की मृत्यु हो गई। मामले में आरोपी अजय सिंह पिता बिन्देश्वर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम गेतरा, थाना सूरजपुर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एसआई संतोष सिंह, गजपति मिर्रे, प्रधान आरक्षक इसित बेहरा व आरक्षक लक्ष्मी नारायण मिर्रे सक्रिय रहे।

## 45 लीटर महुआ शराब सहित 1 गिरफ्तार, थाना रामानुजनगर पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश के बाद अवैध कारोबारियों के विरूद्ध पुलिस की निरंतर कार्यवाही जारी है। गुरूवार को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम सागरपुर निवासी नविन्दर सिंह बिक्री करने हेतु अवैध महुआ शराब रखा है। सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए एक आरोपी के कब्जे से 45 लीटर महुआ शराब जप्त किया है। कब्जे से 45 लीटर अवैध महुआ शराब कीमत 9 हजार रूपये का पाया गया जिसे जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी नविन्दर सिंह पिता दिलसाय उम्र 50 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर विपिन लकड़ा, एसआई मनी प्रसाद राजवाड़े, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, प्रधान आरक्षक हंसराम कनेडिया, आरक्षक धनंजय साहू, दीपक यादव, गणेश सिंह, राजीव गवेल, रविशंकर साहू, महिला आरक्षक सिंधु कुजूर, सैनिक दिनेश यादव, नरेन्द्र साहू, पंकज पटेल व मानसाय सक्रिय रहे।

## फोर्टीफाइड चावल का हर एक निवाला, स्वाद, पोषण और सेहत का रखवाला

रामचंद्र जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत फोर्टीफाइड चावल के वितरण के प्रचार-प्रसार हेतु ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक भवन, ग्राम पंचायत भवन, शासकीय उचित मूल्य दुकान भवन, आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय विद्यालय भवनों पर प्रदर्शित हेतु पंपलेट, बैनर चस्पा कराया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों, पंचायत सचिवों एवं शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के माध्यम से फोर्टीफाइड चावल के फायदे के संबंध में राशनकार्डधारियों, ग्रामीणों एवं छात्रों को अवगत कराये। फोर्टीफाइड चावल आपका पसंदीदा चावल-आयरन ( एनीमिया से बचाव ), फॉलिक एसिड ( भ्रूण विकास और खून के निर्माण में सहायक ), विटामिन बी-12 ( नर्वस सिस्टम के समस्या व कामकाज में सहायक ) - प्रत्येक लाभार्थी हेतु अधिकतम लाभ के लिए फोर्टीफाइड चावल को पर्याप्त पानी में पकाएं और उससे निकले वाले मॉड का उपयोग भी करें।

# मायके से फरार हुई विवाहिता 11 दिन बाद प्रेमी संग थाने पहुंची

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- घर से भागी एक विवाहित महिला 11 दिन बाद अपने प्रेमी के साथ थाने पहुंच गई बता दें कि कस्बा के एक मोहल्ला निवासी युवक ने पत्नी के लापता होने पर थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी उसे सभी रिश्तेदारी व आसपास तलाश किया मगर पता नहीं चला गुरुवार की शाम अचानक महिला कोतवाली में अपने पड़ोसी प्रेमी के साथ पहुंची तो पुलिस ने दोनों के स्वजन को सूचना दी खबर मिलते ही लोग थाने आ गए कोतवाली में उस वक्त हंगामा हो गया जब महिला का पति वहां आया महिला की 2 वर्ष पूर्व जिला गौतम बुद्ध नगर के कस्बा रघुपुरा निवासी युवक से शादी हुई थी वह कस्बा में अपने मायके आई हुई थी पति से यह कहकर आई थी की रावण मेला देखने के लिए खैर जा रही है यहां पड़ोसी प्रेमी के साथ अपने 1 वर्ष के बच्चे को छोड़कर 2 अक्टूबर को अचानक गायब हो गई थी दोनों के स्वजन विवाहिता को समझाने में लगे हुए थ

` पर विवाहिता समझने को तैयार नहीं हुई देरात तक मामला कोतवाली में चलाओ चलता रहा इंस्पेक्टर धीरेंद्र मोहन शर्मा ने बताया कि विवाहिता के पति ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी देर शाम अचानक थाने पहुंची विवाहिता दोनों में से किसी के साथ जाने को तैयार नहीं है महिला अपनी जिद पर अड़ी हुई है युवक महिला को थाने के गेट पर छोड़ कर भाग गया

# बाढ़ के कहर से भीगे अनाज को सुखाकर करेंगे जीवन यापन-ग्रामीण

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भिन्गा श्रावस्ती जनपद के जमुनहा क्षेत्र में बाढ़ का कहर पिछले दिनों से बेहद बना हुआ था,जिसके चलते कई गांव प्रभावित हुए व राप्ती ने अपने कब्जे में कई लोगों के आशियाने को निगल लिया,और तटवर्तीय गाँव के लोगों का रहन सहन अस्त व्यस्त रहा। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बताते हैं कि घर में बाढ़ भरी थी और हम सभी अपनी जान को बचाकर जैसे-तैसे घर के छत पर अपना आशियाना बनाकर बच्चों के पालन पोषण के लिए रूखा-सूखा निवाला बनाया। वहीं बाढ़ के बढ़ते जलस्तर ने घर में अपना कब्जा करके भोजन बनाने का राशन व उससे संबंधित सभी वस्तुओं को बर्बाद कर दिया और जिससे भोजन सहित अन्य जगहों को भी तहस नहस कर दिया।जिसके बाद अब सूर्य देव ने जब अपना रूप दिखाया है तो सभी ग्रामीण अपने भीगे हुए चावल, दाल, गेंहू, धान आदि अनाजों को सुखाकर अपना जीवन यापन करेंगे।

## 10 दिन पूर्व खराब हुआ ट्रांसफार्मर अभी तक नही बदला गया

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जमुनहा श्रावस्ती - विकास खण्ड जमुनहा के ग्राम पंचायत पटना में मल्हीपुर चौराहे के बगल स्थिति चौधरी महाजन लाल इंटर कॉलेज के पास लगा ट्रांसफार्मर काफी दिनों से खराब है । जिसकी शिकायत विद्युत विभाग के कर्मचारियों से किया गया । लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नही बदला गया । जबकि बाढ़ आने से जंगली जहरीले जीव जंतु बह कर आ गए है । विद्युत सप्लाई न होने के कारण कभी भी घटनाए हो सकती है । इसलिए विद्यालय के प्रबंधक रुद्रसेन वर्मा द्वारा प्रशाशन से मांग किया है कि ट्रांसफार्मर को बदल कर दूसरा ट्रांसफार्मर लगाया जाए जिससे उजाला मिल सके ।

# जमुनहा तहसील के अंतर्गत 17 ग्राम पंचायतों में स्थलीय सत्यापन राजस्व टीम द्वारा



लंकीन प्रसाद वर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जमुनहा श्रावस्ती - श्रावस्ती तहसील जमुनहा क्षेत्र मे 17 ग्राम पंचायत मे स्थलीय सत्यापन राजस्व टीम द्वारा किया जा रहा है। जिसमे जोगिया, वीरपुर,हरिहरपुर महाराज नगर, शिकारी चौड़ा, कथरामाफ़ी (अंशिक), लक्ष्मणपुर सेमराहनिया, संगमपुरवा, दामू पुरवा (अंशिक), धूमबोझी (अंशिक), भगवानपुर,खरकहिया, भवानी नगर, नीबा भारी,लखाही खास, पटना (अंशिक),भरथा (अंशिक), मल्हीपुर खुर्द, मल्हीपुर कला आदि गांव की घर घर जाकर, फसलों का और राशन किट व मावेशी का सर्वे कर सूची तैयार किया जा रहा है। वही तहसीलदार जमुनहा अहमद फ़रीद खान से जानकारी लेने पर बताया गया कि कई अधिक प्रभावित गांव जैसे चार ग्राम पंचायत जोगिया,शिकारी चौड़ा, वीरपुर,कथरामाफ़ी की प्राथमिकता से सर्वे करवाया जा रहा है। और साथ ही अन्य गांव का सर्वे चल रहा है। और वीरपुर, कथरामाफ़ी मे 1000 राशन किट का वितरण भी किया जा चुका है। अन्य गांव की किट सप्लायर से मांग की गयी है। ताकि कोई भी व्यक्ति सरकारी मदद से छूटने न पाए।

# मुश्किल जितनी कठिन होगी हौसले उतने बुलंद होंगे टीम-राज्यमंत्री साकेत मिश्रा

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- ईस्वर का कहर बाढ़ बनकर भले ही जनपद श्रावस्ती में हो लेकिन,बुजुर्गों ने कहा भी एक दरवाजा बंद होता है,तो रास्ते दूसरे खुल ही जाते हैं,अपनो की कमी तो पूरी नही की जा सकती लेकिन सहारा बनकर मुश्किलें कम की जा सकती है,मानवता सेवा ही धर्म है की धारण लेकर चल रहे,साकेत मिश्रा सलाहकार पूर्वांचल बोर्ड राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में उनकी पूरी टीम (साकेत भैया यूथ ब्रिगेड) ने क्षेत्र में लोगो के बीच में जाकर हर सम्भव मदद करने की कोशिश कर रहे हैं,दिन हो या रात बस कोई भूखा न सोये जनपद में इस लिये उनकी टीम जनपद के बाढ़ प्रभावित हर ग्राम सभा वॉर कैम्पिंग कर लोगो की मदद कर रही है,टीम के सदस्य राकेश मिश्रा( गुड्डू )व राहुल शुक्ला ने बताया,कि हमारी टीम लगभग जनपद के हर ग्राम सभा मे जाकर जीवन उपयोगी हर चीजो की व्यवस्था करा रही हैं,हम सभी इस प्रकोप से जल्द ही उबर जायेगे,ईस्वर से यही कामना करता हु,उन्होंने ने मीडिया के माध्यम से अपील की आप सभी मानवता सेवा धर्म की भांति बिना किसी भेद भाव के आम जनमानस की मदद करे।